हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 3 मई 2024

11 12वीं कक्षा के 90 के 90 छात्र उत्तीर्ण पैंतालीस होनहारों ने ...



12 अखिल भारतीय जनवादी महिला ...



## खबर संक्षेप

### खेड़ी दौलतपुर में ठेके पर लूटपाट, केस दर्ज

**बवानीखेड़ा।** खेड़ी दौलतपुर में कुंगड़ बवानी खेड़ा रोड पर बने उप शराब ठेका में बीयर व नकदी की लूट को लेकर मामला दर्ज किया गया है। बड़सी गुजरान निवासी आजाद ने पुलिस को बताया कि वह 10 महीने से पुर निवासी भीष्मदत के गांव खेड़ी दौलतपुर में कुंगड़.बवानी खेड़ा रोड पर बने उप शराब ठेका में सैल्समैन कार्यरत है। मंगलवार दो बजे वह शराब ठेका के अंदर था तभी ठेके के सामने काले रंग की गाड़ी में चार लड़के मुंह पर कपड़ा बांधे आए। इनमें से एक लड़का गाड़ी के अंदर बैठा रहा और तीन लड़के ठेके के अंदर घुस गए और आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर एक पेटी बीयर व दस हजार रुपये सहित गल्ला लूटकर ले गए।

### पत्तों पर पैसा लगाकर जुआ खेलते आठ दबोचे

**भिवानी।** शहर थाना पुलिस के अंतर्गत आने वाली दिनोद गेट चौकी इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक मनीष कुमार ने कृष्णा कॉलोनी से आठ आरोपियों को ताश के पत्तों पर पैसा लगाकर जुआ खेलते गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान संजय कुमार निवासी दिनोद गेट भिवानी,शीतल निवासी कृष्णा कॉलोनी भिवानी, कुलजीत निवासी कृष्णा कॉलोनी भिवानी, पवन निवासी जैन चौक भिवानी, अमित निवासी कृष्णा कॉलोनी भिवानी, प्रेम सिंह निवासी रामबाग कॉलोनी भिवानी, हरीश निवासी कृष्णा कॉलोनी भिवानी व अभिषेक निवासी दिनोद गेट के रूप में रूप में हुई है।

# युवक की बरामदगी को लेकर लोगों ने 8 घंटे रोड जाम किया

## नहर किनारे मिले युवक के कपड़े व चप्पल,परिजनों ने कुछ युवकों पर लगाया आरोप







भिवानी। नहर में युवक के शव को ढूंढती एसडीआरएफ की टीम, जाम लगा रही महिलाओं को समझाती पुलिस औरजाम में फंसे वाहन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ›› भिवानी

दो दिन पहले गायब हुए युवक की बरामदगी की मांग को लेकर ब्रहमा कॉलोनी की महिलाओं ने तोशाम बाईपास को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने करीब आठ घंटे तक रोड जाम रखा। बाद में पुलिस के आश्वासन के बाद ही रोड जाम खोला। युवक के परिजनों ने शहर के कुछ युवकों पर नहर में डालने व पुलिस पर कार्रवाई में ढिलाई बरतने का आरोप लगाया। परिजनों को नहर के किनारे पर युवक की चप्पल व कपड़े मिले है।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। दूसरी तरफ पुलिस की सूचना के बाद सिंचाई विभाग ने नहर में पानी कम करवा दिया है और गोताखोर की मदद से नहर में युवकों की तलाश शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक युवक का पता नहीं चल पाया था।

जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब आठ बजे ब्रहमा कॉलोनी की महिलाएं व पुरुष तोशाम बाईपास पर उतर आए। महिलाएं सड़क के बीचव में बैठकर वाहनों को रोकना आरंभ कर दिया। जिसकी वजह से मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी.लंबी कतारे लग गई। जाम की सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिलाओं से जाम हटाने के लिए कहा,लेकिन महिलाओं ने जाम हटाने से साफ इंकार कर दिया। महिलाओं का तर्क था कि जब तक युवक की बरामदगी नहीं हो जाती। तब तक वे सड़क पर ही बैठी रहेंगी। इस दौरान

■ दो दिन पहले गायब हुआ था युवक

महिलाओं ने जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। महिलाओं ने बताया कि मंगलवार को ब्रहमा कॉलोनी निवासी शक्ति कुछ युवकों के साथ नहर की तरफ गया था। वह तो जाने से इंकार कर रहा था,लेकिन उसके साथी उसको जबरदस्ती ई रिक्शा में बैठा कर ले गए। देर शाम तक वह वापस नहीं आया और न ही उसके साथ जाने वाले किसी युवक ने उस बारे में कोई जानकारी दी। अगले दिन सुबह वे जब नहर पर गए तो वहां पर शक्ति के कपड़े व चप्पल मिली। परिजनों ने बताया कि इस बारे में उन्होंने पुलिस से शिकायत की। साथ ही उन युवकों के बारे में बताया कि जिनके साथ वह गया था। लेकिन अभी तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। जिसके विरोध में वे आज सड़क पर बैठे है।

### अंधेरे के कारण नहीं चल पाया तलाशी अभियान

इस बारे में शहर थाना पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनके पास सूचना पहुंचते ही वे मौके पर पहुंचे। बुधवार शाम को अंधेरा होने की वजह से नहर में सर्च अभियान नहीं चल पाया। उन्होंने कल ही शाम को सिंचाई विभाग को नहर का पानी बंद करने के लिए लिखित तौर पर शिकायत भेज दी थी। नहर में पानी कम होना शुरू हो गया है। पानी कम होते ही फिर से सर्च अभियान चलाया जाएगा। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया है। युवक की जिंदा या मृत मिलने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल पुलिस युवक की बरामदगी में जुटी है।

### एसडीआरएफ की टीम ने खोज अभियान चलाया

महिलाओं के रोड जाम के बाद एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। टीम ने जुई नहर में युवक को खोजने का कार्य शुरू किया। सबसे पहले टीम के सदस्यों ने नहर पर बने पम्प हाऊसों पर पहुंचकर शव की जांच की,लेकिन वहां पर नहीं मिला। उसके बाद टीम ने जिस स्थान पर युवक के कपड़े व चप्पल मिली थी। उस जगह से अभियान शुरू किया तो बताते है कि करीब तीन सौ मीटर की दूरी पर युवक का शव मिला है। फिलहाल पुलिस शव को पानी से बाहर निकालने में जुटी थी।



भिवानी। खाद-बीज की दुकान का स्टॉक रजिस्टर की जांच करते हुए।

# अधिकारियों ने खाद, बीज एवं कीटनाशक दवा के लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ›› भिवानी

किसानों को उच्च गुणवत्तायुक्त खाद, बीज एवं कीटनाशक उपलब्ध करवाने के लिए कृषि विभाग ने पिछले सप्ताह विभिन्न खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्त्रेताओं से 44 नमूने लिए। इन नमूनों में से 12 नमूने कीटनाशकों के तथा 32 नमूने बीज के थे।

इस संबंध में उप कृषि निदेशक डॉ. विनोद कुमार फौगाट ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपना सामान अधिकृत खाद, बीज, कीटनाशक विक्रेताओं से ही खरीदें। उचित बिल के साथ.साथ बिल में खाद,बीज, कीटनाशक के बैच नंबर तथा लॉट नंबर की विस्तृत जानकारी अवश्य लिखवाएं। उन्होंने बताया कि विक्रेताओं की दुकानों से खाद, बीज व दवाई का नमूना लेने का अभियान चलाया जा रहा है। इन नमूनों में दो नमूने कीटनाशकों के थे तथा एक खाद का नमूना मिथ्या ब्रांड पाया गया। निम्न गुणवत्ता वाले पाए गए इन नमूनों पर कार्रवाई की जा रही है तथा संबंधित खाद एवं कीटनाशक विक्रेताओं को नोटिस जारी किया गया है तथा निर्माता कंपनी को भी नोटिस जारी किया गया है। जरूरत पड़ने पर इन खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं के खिलाफ न्यायालय में मामला भी दायर किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि छापामार कार्रवाई का यह अभियान पूरे खरीफ सीजन में जारी रहेगा। नमूना अभियान को और अधिक गति से चलाते हुए अधिक से अधिक नमूने लिए जाएंगे ताकि गुणवत्ता को लेकर किसानों के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी न हो।

### लोक अदालत के लिए नियुक्त किए पीठासीन अधिकारी

**भिवानी।** हरियाणा राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत 11 मई को आयोजित की जाएगी। इस लोक अदालत की सुनवाई के लिए आठ पीठासीन अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन दीपक अग्रवाल ये जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सुनवाई के लिए आठ पीठों का गठन किया गया है। भिवानी कोर्ट के अलावा तोशामए लोहारू व सिवानी उपमंडल कोर्ट पर भी लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

# आयोग ने पीएनबी के कृषि प्रबंधक पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज भिवानी

■ अधिसूचित सेवा निर्धारित समयावधि में नहीं देने पर की गई कार्रवाई

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने बहल के पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के कृषि प्रबंधक मुलायम सिंह पर अधिसूचित सेवा निर्धारित समयावधि में न देने पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, आवेदक ओमवीर को 5 हजार रूपए का मुआवजा देने का निर्णय आयोग की ओर से दिया गया है। इस संबंध में हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के एक प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग के मुख्य आयुक्त टीसी गुप्ता ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया और इस मामले के निपटान के लिए एक सुनवाई की।

इस सुनवाई में पंजाब नेशनल बैंक, बहल के ब्रांच मैनेजर मंजीत और कृषि मैनेजर मुलायम सिंह सहित टेलीफ ोन के माध्यम से आवेदक ओमवीर शामिल हुए। इस मामले में आवेदक ओमवीर को समय पर ऋण की अदायगी नहीं की गई थी जिसके लिए आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। प्रवक्ता ने बताया कि आयोग द्वारा पंजाब नेशनल बैंक, रोहतक के सर्कल हैड को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि यह राशि मुलायम सिंह के अप्रैल माह के वेतन में काटी जाए जो कि वेतन के एक तिहाई से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा शेष राशि की कटौती अगले माह में की जाए। आयोग ने यह भी कहा है कि इन आदेशों की पालना के अंतर्गत चालान इत्यादि की फोटो प्रतियां ईमेल के माध्यम से भिजवाई जाए। इसके अलावा, आयोग ने मंजीत, शाखा प्रबंधक, पीएनबी.बहल, हरियाणा के खिलाफ उपयुक्त अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने की सिफारिश की है और जोनल मैनेजर, पीएनबी, चंडीगढ़ से अनुरोध किया गया है कि इन आदेशों के जारी होने के 30 दिनों के भीतर इस संबंध में की गई कार्रवाई के बारे में आयोग को सूचित किया जाए। मंजीत अगस्त, 2021 से और मुलायम सिंह नौ जून 2022 से इस शाखा में तैनात हैं। वे दोनों आसपास के क्षेत्र से हैं और उम्मीद है कि वे इस क्षेत्र के लोगों की जरूरतों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण रवैया रखेंगे, जिन्हें सरकार गरीबी से नीचे रहने वाले परिवारों को सब्सिडी प्रदान करने की अपनी महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से मदद करना चाहती है। स्थानीय शाखा में तैनात होने के कारण उनमें या तो निहित स्वार्थ विकसित हो गया।

# हार्दिक ने 21.11 किमी. की हाफ मैराथन 2 घंटे 4 मिनट 18 सेकंड में पूरी कर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करवाया

हरिभूमि न्यूज ›› भिवानी

हलवासिया विद्या विहार के आठवीं कक्षा के हार्दिक ने खेल क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर अपने माता-पिता, विद्यालय व राज्य को गौरवान्वित किया।

हार्दिक ने 21.11 किलोमीटर की हाफ मैराथन 2 घंटे 4 मिनट 18 सेकंड में पूरी करके अपना नाम मात्र 11 साल 11 महीने की उम्र में इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करवाया है। 14 अप्रैल रविवार सुबह स्कूल के ही मैदान में हार्दिक ने ये कीर्तिमान स्थापित किया तथा इसे इंस्टाग्राम पर लाइव शेयर किया, जिसकी रिकॉर्डिंग इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स को भेजी। उन्होंने 17 अप्रैल को इस पर मोहर लगा दी। इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स द्वारा मेडल, सर्टिफिकेट, एक सुंदर लेखनी व इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स की प्रति आदि अनेक उपहारों से हार्दिक को उनके जन्मदिन 29 अप्रैल के दिन ही सम्मानित किया। हार्दिक ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया।




भिवानी। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करवाने वाले हार्दिक को सम्मानित करते हलवासिया विद्या विहार के प्रशासन, प्राचार्य व अन्य।

# सीजेएम कपिल राठी ने किया जेल और सेफ हाउस का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ›› भिवानी

■ राठी ने कैदियों हवालातियों से उनके केसों में आ रही मुश्किलों को सुना

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल निर्देशानुसार प्राधिकरण के सीजेएम.कम.सचिव कपिल राठी ने स्थानीय जिला कारागार और सेफ हाउस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीजेएम राठी ने कैदियों.हवालातियों को उनके केसों में आ रही मुश्किलों को सुना व समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी दी। उन्होंने जेल की बैरिकों व जेल में स्थापित कानूनी सहायता क्लीनिक और जेल अस्पताल का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर जेल के किचन का भी दौरा किया और तैयार हो रहे भोजन का भी निरीक्षण किया। साथ ही जेल अधिकारियों को खाना पकाने में साफ .सफाई का ध्यान रखने के भी निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर सीजेएम राठी ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित सेफ हाउस का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां पर भी साफ. सफाई, रहन.सहन, पीने के पानी की व्यवस्था, भोजनालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सेफ हाउस के युगल जोड़ों को प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली सेवा के बारे में विस्तार से बताया। सीजेएम कपिल राठी ने सेफ हाउस के इंचार्ज को यहां आने वालो की स्वास्थ्य जांच व पौष्टिक भोजन देने और इनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

# चौथे दिन चार उम्मीदवारों ने किया नामांकन

■ आगामी छह मई तक दाखिल किया जा सकता है नामांकन

हरिभूमि न्यूज,भिवानी

भिवानी.महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए नामांकन के चौथे दिन गुरुवार को चार उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र आगामी छह मई तक दाखिल किया जा सकता है।

आवेदन पत्र कमरा नंबर 114 प्रथम तल लघु सचिवालय नारनौल में सुबह 11 से लेकर शाम तीन बजे तक जमा किए जा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी नरेश नरवाल ने भिवानी.महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी के बारे में बताया कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए अब तक कुल सात नामांकन दाखिल हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि चौथे दिन आज राव बहादूर सिंह ने जननायक जनता पार्टी से अपना नामांकन पत्र भरा वहीं कर्ण सिंह ने इसी पार्टी के कवरिंग कैंडीडेट के तौर पर पर्चा भरा। वर्षा ने बहुजन मुक्ति पार्टी से तथा हेमंत ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिल करते ही एनआइसी की टीम सारे कागजात को एनकोर साफ्टवेयर के माध्यम से अपलोड कर रही है।



### एप पर मिलेगी जानकारी

इसके बाद कोई भी नागरिक नो यूअर कैंडिडेट एप डाउनलोड करके अपने उम्मीदवार के बारे में सारी जानकारी देख सकता है।



भिवानी। कम समय में बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी करने पर बोर्ड चेयरमैन डॉ. यादव को सम्मानित करते भारत विकास परिषद के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# जल्द परिणाम घोषित करने पर भाविप ने चेयरमैन को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ›› भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड प्रशासन विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर काफी गंभीर है तथा प्रदेश में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए काफी ठोस कदम भी उठा रहा है, ये नहीं शिक्षा बोर्ड प्रशासन ने प्रदेश में नकल पर नकेल कंसने के लिए भी काफी महत्वपूर्ण कदम उठाए है। इसी कड़ी में अब 12वीं कक्षा की परीक्षा संपन्न होने के मात्र 27 दिनों में परिणाम घोषित कर बोर्ड ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसका लाभ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को सीधे रूप से होगा।

यह बात भारत विकास परिषद के प्रांतीय संगठन सचिव अशोक शर्मा एवं मदनलाल ढ़ींगड़ा शाखा के प्रधान नरेश बंसल ने कही। वे गुरुवार को बोर्ड चेयरमैन डॉ. वीपी यादव को रिकॉर्ड समय में परीक्षा परिणाम घोषित करने पर सम्मानित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा, वरिष्ठ

■ मात्र 27 दिनों परिणाम घोषित कर बोर्ड ने दिया अनुशासन व कार्यनिष्ठा का परिचय: अशोक

उपप्रधान कमल नयन वशिष्ठ, प्रांतीय सचिव विक्रम सिंह, अनिल तायल, सलाह के उपाध्यक्ष राजबीर धारेडू, अनिल कुमार तायल, डा. विक्रम सिंह, श्रीपाल यादव भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा बोर्ड द्वारा समय पर परीक्षा परिणाम घोषित करने पर नीट, जेईई सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को सीधे रूप से लाभ पहुचेंगा। बोर्ड प्रशासन ने अनुशासन एवं कार्यनिष्ठा की मिसाल पेश करने का काम किया है।

## ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं: अंकित शर्मा

# अफसर बनकर देश की सेवा करेगा बुशान का छोरा अंकित

हरिभूमि न्यूज ›› तोशाम

ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस कमी हैं तो प्रतिभा की पहचान कर उसे उचित मार्गदर्शन की, जिसके अभाव में बहुत सी ग्रामीण प्रतिभाएं दबी रह जाती हैं। प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें निखारना हम सबकी जिम्मेदारी है और इसे हमे बाखूबी निभाना भी चाहिए, उक्त शब्द भारतीय सेना में 59वीं रैंक हासिल कर लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होने वाले गांव बुशान निवासी अंकित शर्मा ने कहे।

वहीं ग्रामीणों ने लेफ्टिनेंट अंकित को मिठाई खिलाकर और पगड़ी बांधकर व फूल-माला पहनाकर बधाई दी। अंकित ने कहा कि सफलता का कोई शार्ट कट रास्ता नहीं है, कड़ी मेहनत एवं लग्न ही आपको सफलता दिलवा सकती है और सफलता हासिल करने के लिए अनुशासन का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने अभिवावकों से अपील की कि बच्चों पर अपने करियर को लेकर किसी तरह का दबाव न बनाएं, उनको रुचि अनुसार आगे बढ़ने देना चाहिए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरूजनों के साथ-साथ पूर्व सरपंच बीरसिंह को देते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में शिक्षा का पौधा लाईब्रेरी बनाकर लगाया, जिसकी बदौलत इस मंजिल को पाने में आसानी रही। यदि ग्रामीण क्षेत्र में ऑफिसर तैयार करने है तो प्रत्येक में लाइब्रेरी का होना बहुत जरूरी है।



भिवानी। लेफ्टिनेंट अंकित शर्मा का अभिनंदन करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### युवा मार्ग से न भटके

अंकित ने कहा कि वर्तमान दौर में युवाओं को समझना होगा कि उनके पास अवसरों की कोई कमी नहीं, इसलिए युवाओं को जीवन में एक गोल तय करना होगा। सफलता एवं असफलता कोई मायने नहीं रखती। असफलता से ही सफलता की राहें निकलती है। अंकित ने बताया कि पढ़ाई के दौरान सोशल मीडिया संभव नहीं था। सोशल मीडिया से दूरी बनाकर लक्ष्य पर पूरा ध्यान केंद्रित किया। पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन का होना जरूरी है, जिसका सफलता में काफी रोल रहा। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने को कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर महंत पूर्णनाथ, सरपंच मेहरचंद, जयसिंह शर्मा, प्रधान नरेश शर्मा, पूर्व सरपंच बीरसिहं, महान सिंह, सत्यवान शर्मा, सतबीर चैयरमेन, जयसिंह कोच, दुलीचंद, ईश्वर फौजी, बृजपाल फौजी, सतबीर शर्मा, डॉ. सचिन, रामप्रताप शर्मा, राजेश डीपीई, पप्पू चौहान, जयनारायण, सुभाष शर्मा, शास्त्री राजेश, रामचन्द्र स्वामी, सुशील शर्मा, प्रेम ड्राइवर, बृजपाल चौहान, रामकुमार लडवाल, शमसेर डिफेंस ऐकडमी, संदीप, उमेश प्रधान, डॉ. सतीश आदि मौजूद रहे।

स्पेशल : वर्ल्ड लाफ्टर डे, 5 मई

मुंह लटकाए बैठे लोग किसी को पसंद नहीं आते, बोरिंग लगते हैं। वहीं हमेशा हंसने वाले खुशमिजाज लोग सबको खूब भाते हैं। हंसना स्वास्थ्य के लिए भी बहुत जरूरी है। हंसने के क्या-क्या फायदे हैं, हम कैसे हंसते रहें, जानो।

# हंसो क्योंकि हंसना जरूरी है!



ऑकेजन / अनुराग मनींद्र

मुनमुन को गुमसुम, उदास देखकर मोनू ने पूछा, 'अच्छा सुनो मुनमुन, तीन दोस्त 'चुप', 'गुमसुम' और 'हाहाहा' पार्क में खेल रहे थे। थोड़ी देर बाद चुप और गुमसुम अपने-अपने घर चले गए। बताओ, पार्क में कौन बचा?'

'नहीं बताना!' मुनमुन दूसरी ओर मुंह फेरकर बोली।

मोनू ने कई बार अपना सवाल दोहराया। आखिर मुनमुन को जवाब देना ही पड़ा, 'हाहाहा..।'

मोनू ने फिर पूछा, 'कौन बचा?'

मुनमुन ने दोहराया, 'हहाहा।'

जब मुनमुन को मोनू की चालाकी समझ में आई, तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ी। मुनमुन को हंसता देखकर मोनू हंसते हुए बोला, 'यह हुई न बात!'

दरअसल, उदास बैठी मुनमुन को हंसाने के लिए ही मोनू ने इस तरह सवाल किया था।

## लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसिन

बच्चों, हंसी का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। हंसने-हंसाने वाले खुशमिजाज लोग हर किसी को पसंद आते हैं। वहीं चिड़चिड़े और बात-बात पर गुस्सा करने वाले तुनकमिजाज लोगों को कोई पसंद नहीं करता। 'लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसिन' यह कहावत तो बच्चों तुमने जरूर सुनी होगी। हंसना हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। बच्चों, हंसी के एक नहीं बहुत से फायदे हैं, तुम्हें भी मालूम होना चाहिए।

## बढ़ता है ऑक्सीजन लेवल

जब हम खुलकर हंसते हैं तो हमारे शरीर के कई सारे अंग एक साथ सक्रिय हो उठते हैं। हंसने से हमारा ब्लड सर्कुलेशन रेग्युलेट होता है, साथ ही इससे हमारे शरीर का ऑक्सीजन लेवल भी बढ़ता है। इसका असर हमारी स्किन पर भी पड़ता है। अकसर देखा गया है, जो लोग हंसते-मुस्कुराते रहते हैं, उनकी स्किन भी दमकती रहती है। ऐसे लोगों के चेहरे पर एक अलग ही आभा दिखती है।



## रिलीज होता है 'हैप्पी हार्मोन'

जब हम खुश रहते हैं, हंसते-मुस्कुराते हैं, तो हमारे शरीर में डोपामाइन, एंडोर्फिन, सिरोटोनिन, ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोंस रिलीज होते हैं। इन्हें 'हैप्पी हार्मोंस' या 'फील गुड हार्मोंस' भी कहते हैं। ये हार्मोंस हमारे गुस्से को कम करते हैं, तनाव यानी टेंशन कम करते हैं, हमारा मूड अच्छा रखते हैं, साथ ही हमें पॉजिटिव एंड हैप्पी रखते हैं।

## बढ़ती है इम्यूनिटी

जब हम खुलकर हंसते हैं, तो हमारे शरीर के कई हिस्सों, जैसे- मस्तिष्क, हृदय, हड्डियों और मांसपेशियों में नए सेल्स बनते हैं। इससे हमें फिट एंड एक्टिव रहने में मदद मिलती है। साथ ही इससे हमारी इम्यूनिटी भी स्ट्रॉन्ग होती है, जिससे बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है।


## और भी हैं कई फायदे

बच्चों, हंसने के और भी कई फायदे हैं। अगर तुम हमेशा खुश और हंसते-मुस्कुराते रहोगे, तो सभी तुम्हें पसंद करेंगे। हर कोई तुमसे मिलना, बातें करना और तुम्हारे साथ समय बिताना चाहेगा। खुश रहने से पढ़ाई में तुम्हारा कंसंट्रेशन बढ़ेगा, इस कारण तुम अपने लेसन को जल्दी और आसानी से समझ पाओगे। इससे तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। हंसने-मुस्कुराने और खुश रहने की आदत आगे चलकर तुम्हारे करियर ग्रोथ में भी हेल्पफुल होगी।

बच्चों, जब हंसने-मुस्कुराने के इतने सारे फायदे हैं, तो भला कौन हंसना नहीं चाहेगा, इसलिए खुद खुलकर हंसो और दूसरों को भी हंसाओ। *

### हंसने और खुश रहने के लिए ये करो


**देखा जाए** तो खुश रहने के लिए किसी खास वजह की जरूरत नहीं होती। जो लोग स्वभाव से जिंदादिल और खुशमिजाज होते हैं, वे हर हाल में खुश रहते हैं, हंसते-मुस्कुराते रहते हैं। बच्चों, तुम भी हंसी और खुशमिजाजी को अपने स्वभाव का हिस्सा बनाओ। वैसे, हंसने के कई माध्यम और तरीके हैं, जिन्हें अपनाकर तुम खुलकर हंस सकते हो।




- मजेदार जोक्स पढ़ो। इसे अपने दोस्तों के साथ शेयर करो। उनसे भी बोलो कि वे तुम्हारे साथ हंसाने वाले जोक्स शेयर करें।
- अच्छे लाफ्टर शोज देखो। अच्छी कॉमेडी फिल्में देखो। हंसाने- गुदगुदाने वाले कार्टून शोज देखो।
- मन ही मन वैसी बातें या कोई इंसिडेंट याद करो, जिससे तुम्हें हंसी आए। इससे तुम्हारे चेहरे पर अपने-आप ही मुस्कुराहट आ जाएगी।
- तुमने पार्क में एक-साथ कई सारे लोगों को जोर-जोर से ठहाके लगाते हुए जरूर देखा होगा! ऐसे ही तुम भी अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपना 'किड्स लाफ्टर क्लब' बनाकर एकसाथ ठहाके लगा सकते हो।

रोचक जानकारी / शिवानी छाया

# गम.. च्युइंगगम.. बबलगम

बच्चों, तुमने च्युइंगगम या बबलगम जरूर खाया होगा। च्युइंगगम और बबलगम, है तो एक ही चीज, लेकिन दोनों में एक अंतर है। बबलगम चबाते हुए हम इसे गुब्बारे की तरह मुंह से फुला सकते हैं लेकिन च्युइंगगम को हम सिर्फ चबा सकते हैं, गुब्बारे की तरह फुला नहीं सकते। बच्चों, तुम सोचते होगे च्युइंगगम और बबलगम की शुरुआत कैसे हुई, हम तुम्हें बताते हैं।

**पहले लोग गम चबाते थे:** बच्चों, च्युइंगगम या बबलगम हमेशा से ऐसा नहीं था। शुरुआती दौर में यूनान और तुर्की के लोग खाना खाने के बाद गम (गोंद जैसा चिपचिपा पदार्थ) चबाते थे। यह गम वहां उगने वाले मैस्टिक नामक पेड़ से निकाला जाता था। इसी तरह अमेरिका में भी लोग स्पॉडिला नामक पेड़ से गम निकालकर चबाते थे। चूंकि इस गम को लोग चबाते थे, इसलिए इसे 'चबाया जाने वाला गम' यानी 'च्युइंग-गम' भी कहा जाता था। आज भी इसे च्युइंगगम कहते हैं।

**मार्केट में कैसे आया च्युइंगगम:** च्युइंगगम के प्रति लोगों की दीवानगी देखते हुए सन 1848 में अमेरिका के जॉन बी. कर्टिस ने इसे टेस्टी और आकर्षक बनाने के लिए गम में मोम मिलाकर उबाला, फिर इसे ठंडा करके अलग-अलग शेप्स में काटकर, कलरफुल कागज में पैक किया। पैकिंग के हिसाब से उसने च्युइंगगम को 'शुगर क्रीम', 'व्हाइट माउंटेन' जैसे नामों से बेचना शुरू किया। कर्टिस का यह आइडिया काफी सफल रहा।

**टेस्ट और फ्लेवर वाला च्युइंगगम:** अब तक बनाए और बेचे जा रहे च्युइंगगम में कोई टेस्ट नहीं होता था। सन 1871 से 1880 के बीच थॉमस एडम्स ने अलग-अलग टेस्ट और फ्लेवर वाले 'ब्लैक जैक' नामक च्युइंगगम लांच किए। इस च्युइंगगम को लोगों ने खूब पसंद किया।

**फुलाया जाने वाला बबलगम:** 1906 में फ्रैंक एच. फ्लेयर ने एक ऐसा प्रोडक्ट बनाया, जिसे च्युइंगगम की तरह चबाने के साथ-साथ बैलून की तरह फुलाया भी जा सकता था। फ्लेयर ने इसे 'फ्लीसर बबलगम' और 'ब्लिबर ब्लबर' के नाम से बाजार में उतारा। इसमें सबसे बड़ी कमी यह थी कि कुछ देर चबाने के बाद यह बहुत ज्यादा चिपचिपा हो जाता था। इसलिए यह लोगों को ज्यादा पसंद नहीं आया।

आगे चलकर 1928 में फ्लेयर की ही कंपनी में काम करने वाले वाल्टर ई. डायमर ने ऐसा बबलगम बनाया, जो पहले की तुलना में कम चिपचिपा था। इसे देर तक चबाया जा सकता था, साथ ही बैलून की तरह फुलाया भी जा सकता था। कंपनी ने इसे 'डबल बबल' नाम से बाजार में उतारा। इसे लोगों ने खूब पसंद किया। इसके बाद इसकी क्वालिटी में निरंतर चेंज किए जाते रहे। अब तो अलग-अलग कलर, शेप, टेस्ट, फ्लेवर के च्युइंगगम और बबलगम मार्केट में मिलते हैं। *

कविता / शिवचरण चौहान

# मेंढक को जुकाम



कहा मेंढकी से मेंढक ने
मुझको हुआ जुकाम।
चाय पिला दो अदरक वाली
जिससे हो आराम।।
मौसम बदल रहा है इससे
आया मुझे बुखार।
सहला दो तुम माथा मेरा
कर दो थोड़ा प्यार।।
बोली तुरंत मेंढकी अब
तुम चलो डॉक्टर पास।
तुमको तेज बुखार हुआ है
रहे जोर से खांस।।
चार गोलियां काली, पीली
और लगा इंजेक्शन।
कहा डॉक्टर ने मेंढक से
तुमको है इंफेक्शन।।
नदियों, नालों, तालाबों में
खूब लगाते गोते।
होता तभी जुकाम जोर का
पड़े-पड़े तुम रोते।।
बता रहा परहेज एक मैं
है जुकाम का तोड़।
अब से तुम पानी में जाना
बिल्कुल ही दो छोड़।।

# जीके क्विज- 102



1.भारत के नए नौसेना प्रमुख कौन बने हैं?
2.भारत के किस एयर पोर्ट को दुनिया के टॉप-टेन बिजी एयर पोर्ट्स में शामिल किया गया है?
3.पिछले दिनों माउंट रुआंग ज्वालामुखी में भयंकर विस्फोट हुआ था। यह ज्वालामुखी किस देश में स्थित है?
4.सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
5.रात में दिखाई पड़ने वाला सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?
6.स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे?
7.जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है?
8. व्हाइट गोल्ड किसे कहा जाता है?
9. माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थीं?
10.'इंडिका' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?

बच्चों, जीके क्विज-102 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-101 का उत्तर :** 1.विराट कोहली, 2.डी. गुकेश, 3.1 मई, 4.हॉकिंस, 5.महात्मा गांधी, 6.एम. एस. स्वामिनाथन, 7.रोएंटजन, 8.सच्चिदानंद सिन्हा, 9. स्वामी दयानंद सरस्वती, 10.हमिंग बर्ड

**जीके क्विज-101 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, नेहा-ईमेल से, गोपाल-ईमेल से, शिवकुमार मधुकर-बिलासपुर, सरबजीत-करनाल, बी.आकांक्षा-अहमदाबाद, ईशान-अहमदाबाद, दीप्ती-कोरबा, हर्ष-भोपाल, रवि-जबलपुर

# हंसगुल्ले



**टीचर:** तुमने होमवर्क क्यों नहीं किया?
**मोहित:** सर, जब मैं होम वर्क करने बैठा तो लाइट चली गई।
**टीचर:** तो लाइट आने के बाद तुमने होम वर्क क्यों नहीं किया?
**मोहित:** सर, मुझे लगा कि मेरी वजह से कहीं फिर से लाइट न चली जाए। **-अभिजीत, दुर्ग**

**तन्मय :** क्या तुम चीनी भाषा पढ़ सकते हो?
**तेजस:** हां, अगर वो हिंदी या अंग्रेजी में लिखी हो तो पढ़ लूंगा। **-सोनिया, जींद**

**नव्या:** विदेश में पंद्रह साल के बच्चे अपने पैरों पे खड़े हो जाते हैं।
**नैंसी:** हमारे देश में तो दो-तीन साल का बच्चा खड़ा होने के साथ-साथ दौड़ने भी लगता है। **-मोहन, भोपाल**

हास्य कथा
समीर गांगुली

# दहीवाला.. पुलिसवाला..

वह दही-फल बेचने वाला अपने आप में अजूबा था। उसकी बातें, उसके दही-फल जैसी चटपटी थीं। बच्चे उसकी बातें सुनकर 'हो-हो' करके हंसते। एक दिन बड़ी अजब-सी बात हुई। एक पुलिस वाले ने भी उसके दही-फल का स्वाद चखा। इसके बाद लोगों ने जो देखा-सुना, सब दंग रह गए!



भरी-दोपहरी में कॉलोनी में एक आवाज गूंजी, 'दहीवाला...ले लो दही-फल...फल-दही...आ गया दहीवाला!' साथ ही साथ कॉलोनी के दो मंजिले घरों की पहली मंजिल और दूसरी मंजिल के दरवाजे-खिड़कियां खुल गईं। उनसे कई बच्चों के चेहरे बाहर झांकने लगे।

दहीवाला। साईकिल पर बड़ी-सी परात में रखे दो हंडे। मिट्टी के इन हंडों का मुंह लाल कपड़े से बंधा। एक हंडे में दही और दूसरे में केला, अनानास, अंगूर, आम, अमरूद, लीची रखा होता। साथ में चीनी,नमक, मिर्च और अमचूर के डिब्बे। लंबा दुबला दहीवाला। वह रंग-बिरंगा, बड़ी-बड़ी दो जेबों वाला कुर्ता पहनता, उसके नीचे सफेद धोती और सबसे नीचे रबर के काले जूते पहनता, जो चलने पर पक्क-पक्क की आवाज करते थे।

दहीवाले के माथे पर एक बड़ा-सा गूमड़ था, जिसे दिखाकर वह बच्चों से कहता, 'देखना, यहां से एक दिन लंबा-सा सींग निकलेगा।'

छोटकी मालती भी बालकनी पर आ जाती और दहीवाले के साथ सबकी बातें सुनती। उसकी मां कहती, 'ये दहीवाला बहुत झूठ बोलता है।' पापा कहते, 'दहीवाला बहुत मजाकिया है।'

दहीवाले से जब नाम पूछो, तो वो हर बार नया नाम बताता। इतने निराले नाम बताता कि बच्चे हंसते-हंसते लोट-पोट हो जाते। कभी बिच्छू पांडे, कभी गाय प्रसाद, कभी भिंडी भाई, कभी कंकरी कालू करताली नाम बताता। लेकिन उसकी फल-दही या दही-फल का कोई जवाब नहीं था। बच्चे उसकी आवाज सुनकर दौड़कर आ जाते और पूछते, 'दहीवाले, दहीवाले इस हंडे में क्या है.. और उस हंडे में क्या है?'

दहीवाला अपनी आंखों को चार-बार गोल-गोल घुमाता और बोलता, 'इसमें है काली, मटियाली गाय का सफेद ताजा दही और इस हंडे में हरे पेड़ हनुमान प्रसाद के मीठे अमरूद। नीले पेड़ चुन्नी लाल के नीले-काले शहतूत।'

बच्चे 'हो-हो' हंस देते। फिर दहीवाला अपने थैले से पत्ते के दोने निकालता। उन्हें एक थाली पर सजाता। इसके बाद एक हंडा खोलता, उसमें से कोई ताजा फल निकालता। जेब से चाकू निकालता, उन्हें काटता, दोने में लगाता फिर दूसरा हंडा खोलता, उसमें से लकड़ी के चम्मच से दही निकालकर दोने में लेता। ऊपर से नमक, चीनी, मिर्च और अमचूर मिलाता। उसके बाद एक छोटे चम्मच से अपना 'अंतर-मंतर गड़बड़ मंतर' पढ़ते हुए सबको मिलाता। फिर 'हो-हो' करके हंसता और सारे बच्चों को एक-एक दोना पकड़ा देता। उसे खाकर बच्चे एक साथ मिलकर दोहराते, 'आ गई मस्ती, भाग गई सुस्ती।'

दहीवाला खुश हो जाता। तब बच्चे पैसे निकालते, दहीवाले को पकड़ाते और उसे 'कल फिर आना' कहकर अपने घरों में लौट आते।

एक दिन भरी दोपहर में। इधर दहीवाले ने आवाज लगाई। उधर एक फटफटिया फट-फट करती कॉलोनी में आई। दहीवाले के पास आकर फटफटिया वाले ने अपना हेलमेट उतारा। अंदर से एक बड़ी-बड़ी घुंघरैली मूंछों वाला पुलिसवाला निकला। दरवाजे और खिड़कियों से झांकते बच्चों की सांसें थम गईं। पुलिसवाला फटफटिया से उतरा, एक बैग से बड़ा-सा कटोरा निकाला और उसे दहीवाले को पकड़ाया।

दहीवाले ने हंडे से केला निकाला, उसे छोटा-छोटा काट कर कटोरे में भरा, फिर एक आम निकाला उसे भी काट-काट कर कटोरे में डाला। पुलिसवाला बोला, 'और डालो।'

दहीवाले ने फिर ऊपर से अंगूर डाले।

पुलिसवाला बोला, 'थोड़ा और।'

दहीवाले ने हंडे से अनानास भी निकाला और उसे उस बड़े कटोरे में डाला। फिर दूसरा हंडा खोला और उससे छह चम्मच दही डाला। पुलिसवाला बोला, 'और डालो।'

दहीवाले ने चार चम्मच और डाला, फिर उसमें नमक, चीनी, मिर्च और अमचूर मिलाया। अपना मंतर गुनगुनाया और पुलिस वाले को पकड़ाया। पुलिस वाले ने भी भुक्कड़ की तरह गड़प-गड़प खाया। फिर उसने पूछा, 'कितने पैसे?'

दहीवाला बोला, 'वैसे तो हुए सौ रुपए, मगर आप जो मन हो दे दो...।'

पुलिसवाले ने बटुआ निकाला, उसमें से सौ-सौ के दो नोट निकाले, दहीवाले को देते हुए बोला,'ये लो दो सौ रुपए।' इसके बाद पुलिस वाले ने अपना हेलमेट पहना, अपना कटोरा वापस लिया और चलने लगा। एकाएक उसे कुछ ख्याल आया, वह रुका। अपना बैग खोला। उसमें से एक नया गमछा निकाला और दहीवाले को पकड़ा दिया। बोला, 'रखो इसे। बहुत गर्मी है, पसीना पोंछते रहना।'

दहीवाला पुलिस वाले से गमछा लेते हुए हाथ जोड़कर बोला, 'कल फिर आना, दरोगा भैय्या।'

पुलिसवाला फटफटिया चलाते हुए चला गया। बच्चों ने इसे देखा, उनके माता-पिता ने भी देखा। सब दंग थे, पुलिस वाले का व्यवहार देखकर, इतना अच्छा पुलिस वाला..! सब मन ही मन सोच रहे थे, सब दहीवाले का कमाल है! *

# रंग भरो-149

**रंग भरो-149** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





तनिष्क, रायपुर



सौम्या, बालोद



समृद्धि, शहडोल



सुयश, बिलासपुर



सत्यम, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भारती-भिवानी, भूमिका-बालोदा बाजार, पलक-अटेली मंडी, प्रभास-बिलासपुर, सौम्या-दुर्ग, पलक-धमतरी, विशाखा-रायपुर, आकांक्षा-दुर्ग, पाखी-बालोद, प्रत्यूष-अंबिकापुर, मोनिका-बिलासपुर, शिवा-हिसार, कल्पना-भोपाल, आदित्य-दिल्ली



विशु, रोहतक

# रंग भरो 150




बच्चों, दिए गए चित्र में राजू और पिंकी खूब खिलखिलाकर हंस रहे हैं। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

# रास्ता खोजो

बच्चों, हर्ष को अपने लाफ्टर क्लब के दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता वह भूल गया है। सही रास्ता खोजकर हर्ष को उसके दोस्तों तक पहुंचने में जरा मदद तो करो।



**खबर संक्षेप**

## श्रमिकों को डीएलएसए ने दी कानून की जानकारी

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एंव मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कपिल राठी के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर महम रोड़ स्थित मजदूर कैंटीन में श्रमिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डीएलएसए के पैनल अधिवक्ता ने मुफ्त कानूनी जानकारी दी। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल एडवोकेट विनोद कुमार ने हक हमारा भी तो है और नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सेवाएं योजनाए 2015 से संबंध जानकारी के बारे में विस्तार से बताया।

## राजकीय स्कूल के छात्रों को किया सम्मानित

**लोहारू।** गिगनाऊ के स्वतंत्रता सेनानी चौधरी जगराम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नही है। विद्यालय की 12वीं कक्षा के 12 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा परिणामों में मेरिट में स्थान हासिल करके प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसके लिए सभी उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मा. श्यामसुंदर सांगवान ने बताया कि इस बार विद्यालय के 74 विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं की परीक्षा दी थी। जिनमें से 68 विद्यार्थियों ने बेहतर अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा 12 विद्यार्थियों ने बोर्ड की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि 50 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की। विद्यार्थियों की उक्त सफलता पर गुरुवार को स्कूल परिसर में प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद, सरपंच प्रतिनिधि होशियार सिंह व स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान हुकुम सिंह सांगवान की मौजूदगी में सम्मान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

## प्रशासन ने फिर करवाई जमीन की पैमाईश

**लोहारू।** उच्च न्यायालय के आदेश पर उपायुक्त द्वारा बनाई पांच सदस्यों की कमेटी के सदस्यों की टीम एक बार फिर लोहारू के लोक निर्माण विभाग के सामने स्थित जमीन की पैमाइश के लिए पहुंची तथा सैटेलाइट मशीन के माध्यम से खसरा न. 735 की जमीन की पैमाइश कर कर निशानदेही की। पिछले दिनों लोहारू निवासी पूर्व चेयरमैन दौलतराम सोलंकी, महेश कुमार आदि ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

### शिवम स्कूल लोहानी के शानदार परिणाम पर निकाला विजय जूलूस

# 12वीं कक्षा के 90 के 90 छात्र उत्तीर्ण पैंतालीस होनहारों ने मैरिट प्राप्त की

जुलूस में प्रिंसिपल संजय शर्मा, शिक्षिका रूबी व समस्त स्टाफ के साथ भारी तादात में अभिभावक भी मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा बोर्ड द्वारा जारी 12वी कक्षा के परिणाम में शिवम स्कूल लोहानी का शानदार रिजल्ट रहा, जिसके बाद पूरे लोहानी गाँव में विद्यार्थियों द्वारा विजय जुलूस निकाला गया। बच्चों ने विजय जुलूस शिवम स्कूल से शुरू किया और गांव के मुख्य मार्गों से निकाला गया। इस दौरान परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

स्कूल की 12वी कक्षा के 90 के 90 छात्र उत्तीर्ण रहे,जबकि 45 छात्रों ने मैरिट से परीक्षा उत्तीर्ण की। स्कूल निर्देशक निशांत तंवर ने बताया कि शिवम स्कूल का रिजल्ट हमेशा की तरह इस साल भी शानदार रहा। निशांत तंवर ने बताया कि मेहनत करने वालो की कभी हार नहीं होती। छात्र दृढ़संकल्प करके किसी भी ऊँचाई को छू सकता है। स्कूल में सभी विद्यार्थियों द्वारा नाच.गा कर टॉप रहे विद्यार्थियों गर्मजोशी से स्वागत किया गया । विद्यार्थियों के साथ स्कूल निर्देशक निशांत तंवर भी झूमें। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल संजय शर्मा, शिक्षिका रूबी व समस्त स्टाफ के साथ काफ़ी भारी तादात में अभिभावक भी मौजूद रहे।



भिवानी। बेहतरीन परीक्षा परिणाम आने पर विजय जुलूस निकालते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### शोभना ने 97.6 प्रतिशत अंक लिए

शिवम स्कूल लोहानी का शानदार रिजल्ट रहा। स्कूल की 12वी कक्षा के 90 के 90 छात्र उत्तीर्ण रहे। जबकि 45 छात्रों ने मैरिट से परीक्षा उत्तीर्ण की। छात्रा शोभना पुत्री लेखराज ने 97.6 प्रतिशत अंक, सचिन पुत्र सतपाल ने 97.2 प्रतिशत, वंदना पुत्री अनिल ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप पर रहे। स्कूल निर्देशक निशांत तंवर ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि शिवम स्कूल का रिजल्ट हमेशा की तरह इस साल भी शानदार रहा। निशांत तंवर ने बताया कि मेहनत करने वालो की कभी हार नहीं होती। छात्र दृढ़संकल्प करके किसी भी ऊँचाई को छू सकता है। स्कूल में सभी विद्यार्थियों द्वारा नाच.गा कर टॉप रहे विद्यार्थियों गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उनके सम्मान में विजय जुलूस पूरे लोहानी ग्राम में निकाला।

## नीमड़ीवाली के स्कूल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**भिवानी।** राजकीय वमा विद्यालय नीमड़ीवाली की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। अच्छा परीक्षा परिणाम आने से पूरे विद्यालय में खुशी है, सभी स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने विद्यालय में मिठाईयां बांटकर दिन को उत्सव की तरह मनाया। विद्यालय की प्राचार्या अनीता नाथ ने सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद देते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वहीं ग्राम पंचायत नीमड़ीवाली की सरपंच कोमिला, स्कूल संरक्षक जागेराम, कुलबीर, लीलाराम और एसएमसी प्रधान पिंकी ने शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय में आकर स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यालय में वर्षा पुत्री अशोक ने 464 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रेशम पुत्री बलजीत 441 अंक लेकर दूसरा, साहिल पुत्र दिलबाग 417 अंक लेकर तीसरा हासिल किया। भारत ने 411, साइना ने 404, वर्षा ने 398, पारुल ने 382, शुभम ने 382, निशा ने 377, सुन्नी ने 376, मुस्कान ने 375 सहित अनेक विद्यार्थियों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया।

## छात्रा माया कौर ने 479 अंक प्राप्त कर पाया विद्यालय में प्रथम स्थान



छात्रा सुमित।



छात्रा माया

**तोशाम।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से संचालित 12वीं की परीक्षा में राजकीय वमा विद्यालय संडवा की परीक्षा परिणाम काफी बेहतर रहा। स्कूल के मेधावियों ने बेहतर अंक हासिल कर अपने स्कूल और अभिभावकों का मान बढ़ाया है। बच्चों की सफलता पर मिठाई बांटी। स्कूल के प्राचार्य चंद्रशेखर ने बताया कि विद्यालय में 12वीं कक्षा में कुक 54 विद्यार्थी थे, जिसमें से 42 विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों के साथ परीक्षा पास की है। उन्होंने बताया कि 12वीं का विद्यालय में परीक्षा परिणाम 96.29 प्रतिशत रहा जो बहुत ही सराहनीय है। प्राचार्य चंद्रशेखर ने बताया कि विद्यालय की छात्रा मायाकौर ने 479 अंक प्राप्त कर 95.80 व सुमित कुमार ने 478 प्राप्त कर 95.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए वहीं 9 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

## राजकीय कन्या वमावि की 22 छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की



**भिवानी।** वीरवार को चांग के राजकीय कन्या वमा विद्यालय में बारहवी कक्षा में उत्कृष्ठ परिणाम आने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्राचार्या डॉ. दुर्गेश नन्दिनी ने बताया कि स्कूल की 60 छात्राओं ने परीक्षा दी तथा 22 छात्राएं मेरिट में रही। आरजू सुपुत्री राममेहर ने 458/500 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्राओं को प्रमाण पत्र, फूल मालाएं व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। अंत में प्राचार्या डॉ. दुर्गेश ने बच्चों को आशीर्वाद दिया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल एसएमसी के प्रधान दीपचन्द व हठी सिंह ने बच्चों को शुभकामनाएं दी व स्टाफ का धन्यवाद किया।

## जीएसएसएस का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत ,अमन गुलिया ने मारी बाजी

**भिवानी।** खेल हो या शिक्षा ग्रामीण आंचल की प्रतिभाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसी कड़ी में गांव नाथुवास स्थित राजकीय वमा विद्यालय के विद्यार्थियों हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया तथा विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसके चलते विद्यालय में खुशी मनाते हुए प्राचार्या बिंदू ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। इस मौके पर प्राचार्या बिंदु ने बताया कि 12वीं की परीक्षा में विद्यालय के 32 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया तथा सभी 32 परीक्षार्थी शानदार अंक हासिल कर उत्तीर्ण हुए। उन्होंने बताया कि 446 अंक लेकर अमन गुलिया ने प्रथम, 442 अंक लेकर आशा द्वितीय तथा 438 अंक लेकर नेहा तृतीय स्थान पर रही। इसके अलावा 11 विद्यार्थियों ने मैरिट सूची में जगह बनाई। उन्होंने कहा कि सफलत पाने का कोई शॉर्ट नहीं होता, केवल मेहनत से ही सफलता को हासिल किया जा सकता है, ऐसे में विद्यार्थी लक्ष्य का निर्धारण कर मेहनत करें, जिसके बाद निश्चित तौर पर सफलता मिलती है। इस अवसर पर विरेंद्र घणघस, प्रवक्ता महिपाल, राजकुमार, रामचंद्र, जोगेंद्र, मुकेश देवी, विनीता आदि मौजूद रहे।



भिवानी। मेधावी बच्चों को सम्मानित करते शिक्षक।

## राजकीय वमावि रतेरा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा में लहराया परचम

**बवानीखेड़ा।** रतेरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने विद्यालय के बारहवीं कक्षा के 29 विद्यार्थियों ने पाया मेरिट में स्थान। विद्यालय का परिणाम रहा शत.प्रतिशत जिसमें कोमल ने 462 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर नेहा व तीसरे स्थान पर रिंकी ने बाजी मारी। विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम में बच्चों व विद्यालय स्टाफ सदस्यों की कड़ी मेहनत का रहा योगदान। मुखिया सुखबीर मलिक, देवेन्द्र अत्री ने शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बच्चों व समस्त स्टाफ सदस्यों को दी बधाई।

## एसएलबीएस स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के श्री लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय के लिए बहुत ही गर्व और खुशी का पल रहा। हरियाणा बोर्ड द्वारा आयोजित बारहवी क कक्षा के बच्चो ने शत प्रतिशत बोर्ड रिजल्ट हासिल करके क्षेत्र में विद्यालय और अपने माता.पिता का नाम रोशन किया। जानकारी देते हुए प्राचार्य संजय बामलए संजय भारद्वाज ने बताया कि विद्यालय के कुल 62 बच्चों में से 4 बच्चों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया व 28 बच्चो ने बोर्ड मेरिट हासिल की तो वही 26 बच्चों ने फैस्ट डिविजन लेकर अपनी मेहनत का लोहा मनवाया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने पायल 455ए अनिशा 454ए विवेक 454ए प्रिया 450 अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय द्वारा बारहवी कक्षा के शानदार परिणाम के उपलक्ष्य में उनके अभिभावकों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में भानगढ़ स्कूल में मोहित प्रथम

- ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएं अंतरराष्ट्रीय पटल पर चमका रही देश का नाम : प्राचार्य
- बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत आने पर पीएमश्री स्कूल में समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव भानगढ़ स्थित पीएमश्री राजकीय वमा विद्यालय का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत आने की खुशी में वीरवार को विद्यालय में समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर सभी विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई तथा बधाई दी। स्कूल स्टाफ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। प्राचार्य दिलबाग





सिंह बाजिया ने बताया कि अबकी बार विद्यालय के 28 विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा दी, जिसमें से सात विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया। उन्होंने बताया कि छात्र मोहित ने 440 अंक लेकर प्रथम, अंजली ने 414 अंक लेकर द्वितीय तथा प्रिया ने 410 अंक हासिल कर तृतीय स्थान हासिल किया। परिणाम में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करके उनका उत्साहवर्धन किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं हैं, ग्रामीण क्षेत्रों से ही प्रतिभाओं ने निकलकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पटल पर देश का नाम रोशन किया है। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप सिंह, एसएमसी प्रधान कमल सिंह, शिक्षाविद् रूपचंद, हरिद्वारीलाल, अशोक, प्रवक्ता सुदेश, नरेंद्र सिंह, श्रीभगवान, प्रदीप, सुनील, विरेंद्र डीपी, सुनील कुमार एलए, मोनिका, राजबाला व वंदना आदि मौजूद रहे।



भिवानी। जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## केएम. स्कूल में इंटरनेट सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- कंप्यूटर विज्ञान के प्राध्यापक दीपक शर्मा एवं मोहित जैन ने इंटरनेट के इस्तेमाल से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला

केएम पब्लिक स्कूल में साइबर सेफ्टी क्लब के द्वारा इंटरनेट सुरक्षा एवं उपयोग पर विद्यार्थियों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग के बारे में शिक्षित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के साइबर सेफ्टी क्लब के प्रभारी एवं कंप्यूटर विज्ञान विषय के प्राध्यापक दीपक शर्मा एवं मोहित जैन ने इंटरनेट के इस्तेमाल से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचने के लिए टिप्स दिए। इसके अलावा, उन्होंने डिजिटल फुटप्रिंट के महत्व और निजी जानकारी की सुरक्षा पर जोर दिया। विद्यार्थियों को इंटरनेट के सकारात्मक उपयोग के अनेक उदाहरण दिए गए, जैसे कि शैक्षिक सामग्री तक पहुँच, ऑनलाइन कोर्सेज, और विभिन्न सांस्कृतिक और वैज्ञानिक जानकारी का अध्ययन।

इसके साथ ही उन्हें इंटरनेट पर समय का सही उपयोग करने और विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रहते हुए अपनी गोपनीयता की रक्षा करने की शिक्षा दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को इंटरनेट के जोखिमों के प्रति सचेत भी किया गया और सुरक्षित इंटरनेट ब्राउजिंग के तरीके भी बताए गए। विद्यालय प्राचार्या ने कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए साइबर सेफ्टी क्लब के सदस्यों दीपक शर्मा, मोहित जैन और लक्ष्मी का आभार व्यक्त किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया, प्रबंधक आनंद बासिया, ट्रस्टी मयंक मोडा, समिति सदस्य जितेंद्र गोयल, प्राचार्या रेनू सैनी, उप-प्राचार्या नीलम गौतम, समिति सदस्य अमिता शर्मा एवं सुनील शर्मा, प्राथमिक विंग प्रभारी अंजु पोपली, गतिविधि प्रभारी सारिका पंडित व रेखा श्योराण, साइबर सेफ्टी क्लब के सदस्य, अन्य अध्यापकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रबंधन समिति सचिव राजेश मोडा ने विद्यार्थियों में इंटरनेट के प्रति जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए शिक्षकों की प्रशंसा की।

## मतदान की शुरूआत से 90 मिनट पहले होगा मॉक पोल

**चरखी दादरी।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव के दिन मतदान शुरू होने से ठीक 90 मिनट पहले यानि प्रातः 5.30 बजे से कम से दो पोलिंग एजेंट की उपस्थिति में मॉक पोल शुरू किया जाना है। पोलिंग एजेंटों के नहीं पहुंचने की स्थिति में केवल 15 मिनट इंतजार करने बाद मॉक पोल शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद वीवीपैट की पर्चियों व ईवीएम के वोटों के मिलान होने पर ही मॉक पोल संपन्न होगा। ध्यान देने वाली बात ये है कि डाले गए वोटों की संख्या से वीवीपैट में सात पर्चियां ज्यादा होंगी। चुनाव प्रशिक्षण नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के सीईओ प्रदीप कौशिक ने जनता कालेज में आयोजित पीओ एपीओ व सैक्टर ऑफिसर की ट्रेनिंग के दौरान यह महत्वपूर्ण जानकारी दी। सीईओ ने बताया कि मतदान के लिए लिए मॉक पोल बेहद जरूरी है। अगर किसी मतदान केन्द्र पर बिना मॉक पोल के चुनाव करवा दिया जाता है। तो वह मान्य नहीं है। वहां पर रिपोल ही होगा। ऐसे में निर्वाचन आयोग के निदेर्शों की पालना में मतदान के शुरूआत से 90 मिनट पहले सुबह साढ़े 5 बजे मॉक पोल करवाया जाए। इसके लिए कम से कम दो पोलिंग एजेंट की उपस्थित हो। अगर पोलिंग एजेंट 15 मिनट तक नहीं आते हैं तो पीओ स्वयं मॉक पोल शुरू कर दें। क्लोज बटन दबाने के बाद जब तक वीवीपैट की पर्चियों और ईवीएम के वोट का मिलान नहीं होता तब तक मॉक पोल संपन्न नहीं माना जा सकता है।

**वीवीपैट पर्ची और ईवीएम के मिलान के बाद ही मॉक पोल होगा संपन्न**

## एक्सइएन ने किया टाउन पार्क के नवीनीकरण कार्य का निरीक्षण

- 15 अगस्त तक टाउन पार्क नवीनीकरण का कार्य करें संपूर्ण : सिहाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नगर निगम की ओर से टाउन पार्क के नवीनीकरण का कार्य करवाया जा रहा है। कार्यकारी अभिंयता संदीप सिहाग ने वीरवार को अधिकारियों के साथ कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेई प्रवीन चौहान, ठेकेदार सहित कंसल्टेंस एंजेसी मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान कार्यकारी अभिंयता ने कहा कि गुणवता के आधार पर कार्य करें। उन्होंने कार्य में ओर तेजी लाने के दिशा निर्देश दिए और ठेकेदार को लेबर बढ़ाने के लिए कहा ताकि नवीनीकरण का कार्य समय रहते पूर्ण किया जा सके।

उन्होंने टाउन पार्क के नवीनीकरण का कार्य 15 अगस्त तक संपूर्ण करने के निर्देश दिए। यह टाउन पार्क प्रदेश का सबसे सुंदर पार्क होगा जिसकी तुलना देश के सुंदर पार्कों में भी होगी। इसमें आमजन के लिए टाउन पार्क ओपन एयर थियेटर का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया। इसके साथ-साथ अन्य कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए गए।



हिसार। टाउन पार्क में चल रहे कार्य को लेकर चर्चा करते कार्यकारी अभियंता संदीप सिहाग।

## राजकीय शिक्षण महाविद्यालय में मनाया मतदाता पखवाड़ा

- पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई आयोजित

**भिवानी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में राजकीय शिक्षण महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. दलबीर गोदारा के नेतृत्व में 18 अप्रैल से दो मई तक मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। पखवाड़े के दौरान रंगोली, निबंध सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें छात्राओं ने लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने की अपील की।

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी नरवाल के निर्देशानुसार स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान शिक्षण संस्थाओं में भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई जा रही है। एडीसी हर्षित कुमार को स्वीप अभियान का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी कड़ी में राजकीय शिक्षण महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता पखवाड़े का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. गोदारा ने पखवाड़े में हुई प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नवीन शिवाल बी एड् प्रथम वर्ष को ब्रांड एंबसेडर के रूप में मनोनीत किया गया।

### अफसरों से मिलीभगत कर अवैध रूप से बनाई गली हटाने की मांग

# हरियाणा जागृति मोर्चा ने वीरांगना के लिए मांगा न्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा जागृति मोर्चा लीगल सेल ने गांव बुधशेली निवासी निवासी वीरांगना चिड़िया देवी को न्याय दिलाने के लिए उपायुक्त के नाम जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई पंचायत ने अधिकारियों से मिलीभगत कर उनके घर की दीवारए चबूतरा तोड़ कर अवैध रूप से गली का निर्माण कर दिया। जबकि उनके घर की मलकीयत उनके नाम है। एसडीएम कोर्ट का निर्णय भी उनके पक्ष में आया हुआ है। जहां गली बनाई गई है वहां रिकार्ड में भी कोई गली नहीं है। पंचायत ने मिलीभगत कर जबरन अवैध रुप से बिना किसी की अनुमति के अवैध रूप से गली का निर्माण कर दिया। इसके अलावा गांव के कुछ दबंग लोग अनुसूचित जाति समाज की वीरांगना चिड़िया देवी के परिवार को प्रताड़ित कर रहे हैं। इसमें खुद सरपंच प्रतिनिधि भी शामिल हैं।



भिवानी। पंचायत अधिकारी को मांगपत्र सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

ज्ञापन सौंपने वालों में हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू, मोचार लिगल सैल के प्रदेशाध्यक्ष अजय भुक्कल, लिगल सैल के प्रदेश प्रभारी राजेन्द्र सुई ने कहा अनुसूचित जाति समाज के लोगां की प्रताड़ना असहनीय है। वीरांगना चिड़िया देवी के परिवार के साथ न्याय किया जाए। इस मामले की पूरी गहनता से जांच कर जो भी दोषी हों उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। शीघ्र से शीघ्र चिड़िया देवी और उनके परिवार को न्याय नहीं मिला तो मोर्चा कड़ा कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि सरपंच मिलीभगत कर वीरांगना के परिवार को प्रताड़ित कर रहे हैं उनकी पूरी जांच की जाए। पीडित पक्ष के अनुसार खुद सरपंच ने पंचायती भूमि में मकान बना रखा है। इसके अलावा भी पंचायती भूमि का बड़ा हिस्सा अवैध रूप से कब्जा रखा है। इतना ही नहीं सरपंच ने अपने चहेतों को भी शामलात जमीन पर अवैध रूप से कब्जे करवा रखे है। अभी भी अवैध रूप से अपने चहेतों के शामलात जमीन पर मकान निर्माण करवाए जा रहे हैं। वीरांगना चिड़िया देवी के परिवार को चुनावी रंजिश में परेशान किया जा रहा है प्रताड़ित किया जा रहा है। मोर्चा से जुड़े अनेक वकीलों ने प्रशासन से मांग की है कि वीरांगना के परिवार को तुरंत प्रभाव से न्याय दिलाया जाए।

## खबर संक्षेप

### इग्नू ने खोला रि रजिस्ट्रेशन पोर्टल

**चरखी दादरी।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ. धर्मपाल ने बताया कि इग्नू द्वारा जुलाई 2024 सत्र के लिए रि-रजिस्ट्रेशन पोर्टल खोल दिया गया। उन्होंने बताया की जिन विद्यार्थियों ने कुली 2023 सत्र में वार्षिक पाठ्यक्रमों जैसे स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया है, ऐसे विद्यार्थी इग्नू के रि-रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर जाकर अपनी द्वितीय और तृतीय वर्ष की फीस जमा करवा सकते हैं।

### मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं को करें पूरा

**चरखी दादरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला के सभी सैक्टर ऑफिसर व ड्यूटी मजिस्ट्रेट अपने-अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पोलिंग स्टेशन का दौरा कर वस्तुस्थिति की रिपोर्ट तैयार कर लें।

### किसान,कर्मचारी व कमेरा वर्ग सरकार की नीतियों से खफा

**भिवानी।** हरियाणा और पूरे देश में किसान, मजदूर, कर्मचारी व कमेरा वर्ग सरकार की नीतियों से खफा है और आंदोलनरत है। भाजपा सरकार ने देश में हर साल दो करोड़ और प्रदेश में दो लाख रोजगार देने का वादा किया था। सर्व कर्मचारी संघ जिला कमेटी की ओर से सुशील आमलपुर, राजबीर वर्मा आदि ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियों से सभी वर्ग खफा हैं और चुनाव में वोट की चोट करेंगे।

### जेडीएस सांसद का पुतला फूंककर जताया विरोध

# अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने किया जोरदार प्रदर्शन

- भाजपा सरकार पर बलात्कारियों का संरक्षण करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना द्वारा महिलाओं के यौन शोषण के मामले में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति भिवानी द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया, जमकर नारेबाजी की तथा रेडक्रॉस चौक पर पुतला जलाया। महिलाएं पहले ठा. बीरसिंह पार्क में इकट्ठी हुई। वीरवार के कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष देशवाल ने की। संचालन सज्जन कुमार सिंगला ने किया। जनवादी महिला समिति भिवानी की सचिव बिमला घनघस ने कहा कि भाजपा सरकार बलात्कारी और महिलाओं का यौन शोषण करने वालों का संरक्षण करती हैं। फिर चाहे वह कुलदीप सिंह सेंगर हो, चिन्मयानंद हो, आशा राम बापू होएराम रहीम सिंह हो, संदीप सिंह पूर्व मंत्री सरकार हो,सांसद व कुश्ती संघ के पूर्व प्रधान बृज भूषण शरण सिंह हो। भाजपा व संघ महिलाओं को घर की चार दिवारी में बंद रख कर उन्हें खाना बनाने,सफाई करने व बच्चे पैदा करने वाली मशीन ही मानती हैं।



**भिवानी।** जेडीएस सांसद का प्रतिकात्मक पुतला ले जाते हुए।


**भिवानी।** निवर्तमान सांसद का पुतला दहन करते हुए।

महिलाओं की सुरक्षा का दिवाला पिट गया है। भाजपा सरकार आरोपी का बचाव कर रही है। भाजपा सरकार आरोपी के सभी काले करतूतों की जानकारी जानते हुए भी अपनी सहयोगी जेडीएस के इस नेता को टिकट दिया है। अब इस मसले पर कुछ बोलने से बच रही है। उन्होंने ने कहा कि हजारों महिलाओं का यौन शोषण करने व उनके पोर्न वीडियो बनाने के आरोपी इस सांसद को जर्मनी से लाकर उस पर शख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। आज के प्रदर्शन को हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति भिवानी के अध्यक्ष मा.वजीरसिंह ने संबोधित किया।

#### ये रहे मौजूद

इस प्रदर्शन में सैंकड़ों लोग शामिल हुए। इनमें प्रमुख हैं रिटायर कर्मचारी संघ हरियाणा के महासचिव रतन कुमार जिंदल, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के भिवानी के प्रधान सूरजभान जटासरा,सीटू के जिला अध्यक्ष राममेहर, सचिव अनिल कुमार, किसान सभा के उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश, नरेंद्र धनाना, महावीर फौजी, सुखदेव पालवास, चंद्र भान रिटायर्ड मैनेजर, रेणु शर्मा, मूर्ति, गंगा, अनुराधा, सुशीला आशा वर्कर, लाली, सावित्री, इंद्रा,शकुंतला चांग,टी आईं टी से ममता, बसंती, गुडिया, शीला आदि ने प्रदर्शन में भाग लिया।

# कांग्रेस प्रत्याशी दानसिंह आज भरेंगे नामांकन

- नारनौल के सीएल फार्म हाउस में कार्यकर्ताओं से रूबरू होने के बाद करेंगे नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी राव दानसिंह शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले राव दानसिंह नारनौल के सीएल फार्म हाउस में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। वीरवार को पूर्व सीपीएस राव दानसिंह ने अटेली विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय का उद्धाटन किया। जहां कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

दानसिंह ने कहा कि आज देश नफरत भरी आसुरी शक्तियों से लड़ाई लड़ रहा है, देश की जनता की सबसे बड़ी ताकत लोकतंत्र और सबसे कीमती धरोहर संविधान को सरेआम लूटा जा रहा हैं। विरोधी राजनीति दलों के बैंक खाते दुर्भावना के चलते फ्रीज किए जा रहे हैं। इसलिए सभी प्रदेशवासी परिवर्तन के संकल्प के साथ मतदान में हिस्सेदारी लेकर कांग्रेस के साथ आकर हर वर्ग के न्याय की गारंटी सुनिश्चित करें। देश में बढ़ती महंगाई, असमानता, बेरोजगारी व राजनीतिक भ्रष्टाचार का विरोध करने एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए सभी को एकजुटता के साथ आगे आना होगा। राव दानसिंह का नारनौल बार एसो. ने जोरदार स्वागत किया। वहीं नारनौल में पार्टी कार्यालय का शुभारंभ करने के बाद कार्यकर्ताओं की बैठक ली। नांगल चौधरी सभा क्षेत्र में राव दानसिंह ने पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को रसातल में पहुंचाने वाली भाजपा को सबक सिखाने का समय आ चुका है। यह लोस चुनाव परिणाम दस साल के अहंकार व तानाशाही का अंत करेगा। उन्होंने कहा कि इन लोकसभा चुनावों में राहुल गांधी की गारंटी चलेगी और इंडिया गठबंधन जीतेगा। 400 पार का नारा देने वाली भाजपा सरकार बहुमत का आंकड़ा भी नहीं पार कर पाएंगी।

# स्वीप टीम ने किया जागरूक

- लोकसभा चुनावों में कम से कम 75 प्रतिशत मतदान करवाने को चलाया गया है अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर द्वारा निर्धारित लोकसभा चुनावों में कम से कम 75 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर स्वीप टीम द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया हुआ है। टीम द्वारा वीरवार को गांव मंदौला, मंदौली और कलाली बलाली राजकीय आईटीआई में स्टाफ सदस्यों और छात्रों को 25 मई को होने वाले मतदान में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। छात्राओं को लोकसभा चुनाव के लिए जिम्मेदारी दी गई कि मतदान के दिन घर से कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रहे। मतदान के दिन वोट डालने के लिए निर्वाचन आयोग ने इस बार अनेक अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान की हैं, जैसे 85 वर्ष से उपर के मतदाता और 40 प्रतिशत से अधिक के दिव्यांग को ऐच्छिक रूप से घर से मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। टीम सदस्य सुंदरपाल फौगाट और रविंद्र जाखड़ ने कहा कि मतदान करना प्रत्येक मतदाता का देश के प्रति कर्तव्य निर्वहन है।

# चुनाव से संबंधित कार्य करना प्राथमिकताः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



- चुनाव के दौरान बिना अनुमति अधिकारी अथवा कर्मचारी स्टेशन न छोडें

सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए चुनाव से संबंधित कार्य करना सबसे पहली प्राथमिकता है। चुनाव आयोग के निदेर्शों के अनुसार चुनाव कार्यों को तत्परता के साथ पूरा किया जाए। चुनाव के कार्य में कोताही के लिए कोई स्थान नहीं है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा है कि चुनाव सम्पन्न होने तक सभी अधिकारी व कर्मचारी चुनाव आयोग के अधीन हैं और सभी को आयोग के दिशा-निदेशानुसार ही कार्य करना है।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान बिना अनुमति के किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी के स्टेशन छोड़ने पर रोक है। बिना पूर्व अनुमति के किसी को भी अवकाश नहीं दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी टीमें आपस में सामंजस्य बनाकर रखें ताकि जरूरत पड़ने पर दूसरी टीमों को सूचित किया जा सके और समय पर कार्यवाही हो सके। चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना, आदर्श आचार संहिता को लागू करवाना और खर्चा मॉनिटरिंग करना ही मुख्य कार्य हैं। वीडियो सर्विलेंस टीम को कार्यक्रम की रिकाडिंर्ग समय पर हर रोज वीडियो व्यूविंग टीम को उपलब्ध करवानी है। उन्होंने कहा कि खर्चे के अनुमान के साथ ब्यौरा अकाउंट टीम को भेजा जाता है। वीडियो सर्विलेंस टीम, वीडियो व्यूविंग टीम और एकाउंटिंग टीम का खर्चा मॉनिटरिंग में अहम काम है। किसी कार्यक्रम की स्वीकृति है या नहीं है, रिकाडिंर्ग हर कार्यक्रम की होनी चाहिए, अगर स्वीकृति के बिना कोई कार्यक्रम किया जा रहा है तो उसपर कार्यवाही संबंधित टीम द्वारा की जायेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार कुर्सी, मेज, शामियाने से लेकर खाने पीने सहित सभी चीजों के रेट निर्धारित हैं। इन्हीं रेट के अनुसार शैडो रजिस्टर में खर्चे की एंट्री की जानी है। सभी टीमें अपने ड्यूटी स्थानों पर उपस्थित रहकर हर गतिविधी को रिकार्ड करवाएं।

# विद्यार्थी के कंधों पर देश का भविष्यः सज्जन

- प्राचार्य ने अपने जन्मदिन पर 5 पौधों रोपित कर 30 पौधें बच्चों को किए वितरित
- पर्यावरण प्रदूषण मुक्त भविष्य के लिए विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



विद्यार्थी के मजबूत कंधों पर देश का भविष्य टिका होता है। विद्यार्थी को दी गई शिक्षा एवं उसकी मेहनत ही देश का भविष्य निर्धारित करती है तथा यह अध्यापक के हाथ में होता है वह विद्यार्थी को किताबी ज्ञान के साथ.साथ सामाजिक जीवन का भी ज्ञान देए ताकि उसका सवांर्गीण विकास किया जा सकें।

ऐसा ही एक उदाहरण हांसी रोड़ स्थित दि ऑकवुड स्कूल में देखने को मिलाए जहां विद्यालय प्राचार्य ने अपना जन्मदिन विद्यार्थियों के बीच पौधारोपण कर मनाते हुए उचित समझा। ताकि विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया जा सकें। इस दौरान प्राचार्य ने विद्यालय में 5 पौधें रोपित किए तथा 30 पौधें बच्चों को वितरित किए। प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने कहा कि विद्यार्थियों के नन्हे हाथों में देश के उज्ज्वल भविष्य सिमटा रहता है। ऐसे में इन्हे सामाजिक ज्ञान दिए जाने की बहुत अधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों में जानने व सीखने की काफी उत्सुकता रहती है तथा इस दौरान बच्चों को दी गई शिक्षा जीवन भर याद रहती है। ऐसे में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया जाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि अंधाधुंध काटे जा रहे जंगलों की वजह से पर्यावरण संतुलन काफी तेजी से बिगड़ रहा है। जिसको संतुलित बनाने के लिए हमें आज से ही प्रयास करने होंगे। ऐसे में यह अध्यापकों का दायित्व है कि विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करें। प्राचार्य के इस सराहनीय कार्य की समस्त स्टाफ सदस्यों ने प्रशंसा की तथा विश्वास दिलाया कि वे भी अपने जन्मदिन पर इस प्रकार के प्रेरणादायी कार्य करेंगे। इस मौके पर विद्यालय निदेशक दिनेश सिंह, विक्रम राणा, मानवेंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# बिना अनुमति के प्रचार पड़ सकता है भारीः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

- दोषी पर धारा 425, 426, 527 व 433 आदि के तरह सख्त कार्यवाही हो सकती है

बिना स्वीकृति के सरकारी या किसी की निजी संपति का चुनाव प्रचार के लिए प्रयोग करना भारी पड़ सकता है। ऐसा करने वाले के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 425, 426, 527 व 433 आदि के तरह सख्त कार्यवाही हो सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने इस बारे में सलाहकारी जारी की है, जिसमें कहा गया कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव के दौरान संपति विरूपण अधिनियम को कड़ाई से लागू किया जाएगा।

उन्होंने सभी राजनीतिक दलों एवं उनसे जुड़े लोगों, उम्मीदवारों आदि को चुनाव आयोग के नियमों से अवगत करवाते हुए कहा है कि कोई भी राजनैतिक पार्टी या उम्मीदवार या उनके समर्थक किसी की निजी संपति का बिना संबंधित की अनुमति के झंडे लगाने, बेनर लगाने, नोटिस लगाने व स्लोगन लिखने के लिए प्रयोग नहीं कर सकते हैं। अगर बिना अनुमति के ऐसा किया जाता है तो दोषी पर धारा 425, 426, 527 व 433 आदि के तरह सख्त कार्यवाही हो सकती है। साथ ही दोषी के खिलाफ हरियाणा संपति विरूपण अधिनियम के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने चुनाव आयोग के इन नियमों की पालना के लिए संबंधित एआरओ को जिम्मेदारी सौंपी है।

# विद्यार्थी के परिजनों ने राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में दिए पंखे

- ग्रीष्मकालीन सीजन में अधिक गर्मी के कारण बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा


**बवानीखेड़ा।** ढुंढवा जोहड़ स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में पढ़ने वाले छात्र के पिता रमेश कुमार ने विद्यालय परिसर को पंखे भेंट करते हुए।

बवानी खेड़ा के ढुंढवा जोहड़ स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में पढ़ने वाले छात्र के पिता रमेश कुमार ने विद्यालय परिसर को तीन पंखे भेंट किए। विद्यालय मुखिया विमलकुमार, उमेद सिंह, अनिल शर्मा, राजेश, नरेन्द्र, अनीता, मैना, रेखा, मीना आदि की मौजूदगी में पंखे भेंट किए गए। परिजन रमेश कुमार ने बताया कि विद्यालय में पढ़ने वाला हर विद्यार्थी उनके बच्चे के समान है और ग्रीष्मकालीन सीजन में अधिक गर्मी के कारण बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसलिए उन्होंने विद्यालय को तीन पंखे भेंट किए हैं।

# वीसी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- वीसी ने परीक्षा केंद्रों का स्वयं निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया


**भिवानी।** परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातकोत्तर की परीक्षाओं के प्रथम दिन शांतिपूर्ण ढंग से चली परीक्षाएं। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी ने परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन गुप्ता संग किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण। उन्होंने प्रातःकालीन सत्र में विश्वविद्यालय के श्रीनिवास रामानुजन भवन के परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने परीक्षा केंद्रों का स्वयं निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं ड्यूटी कर्मचारियों को परीक्षा से संबंधित दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने सांयकालीन सत्र में विश्वविद्यालय से संबंधित वैश्य कॉलेज और महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय के परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और नकल रहित परीक्षाओं के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर सभी जरूरी दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के शौचालयों की सफाई व्यवस्था को जांचा और संबंधित कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिशा निर्देश दिए।

औचक निरीक्षण पर उनके साथ परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन गुप्ता, डॉ. सोनल शेखावत, पीआरओ प्रभारी ऋषि शर्मा,कंडक्ट ब्रांच प्रभारी देवेंद्र कुमार,सहायक हरीश शर्मा आदि साथ रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

**कार्यशाला** पीठासीन, सहायक पीठासीन और सेक्टर अधिकारियों ने कार्यशाला में दी जरूरी जानकारी

# वीवीपैट से निकलने वाली हर पर्ची पर करवाएं हस्ताक्षर,मतदान पूरा होने पर क्लोज बटन दबाएं

मतदान प्रक्रिया में पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों की अहम भूमिका : नैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में पंचायत भवन में वीरवार को पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों और सेक्टर आफिसर की कार्यशाला का आयोजन हुआ।

कार्यशाला में सीईओ जिला परिषद अशवीर नैन ने मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों और सेक्टर आफिसर की अहम भूमिका होती है। ऐसे में सभी गंभीरता के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें।

**मतदान सामग्री की जांच करने की दी जानकारीः** कार्यशाला में सीईओ नैन ने पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों को मतदान केंद्र की कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट वीवीपैट यूनिट की जांच, मॉक पोल, मतदान सामग्री प्राप्त करना, मिलान करना व मतदान सामग्री की जांच करने की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कर्मियों को सामग्री प्राप्त करने में बरतने वाली सावधानियां, बूथ पर बैठने की व्यवस्था, मतदान की प्रक्त्रिया,सील करने की प्रक्रिया, सभी तरह के मतदान में प्रयुक्त,अनप्रयुक्त पेपर सील करने का तरीका, पीओ के कार्य दायित्व के बारे में समग्रता से बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान चुनाव में अपनाए जाने वाले सभी तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई।

**प्रोजेक्टर के जरिए चुनावी प्रक्रिया के हरेक पहलूओं पर डाला प्रकाशः** इसके अलावा उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए एक दिन पूर्व यानि 24 मई को सभी पीठासीन अधिकारी अपने.अपने बूथ पर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू
12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
CUET
S.S.C.
अग्निवीर
C.E.T.
रेलवे
N.D.A.
अनुभवी अध्यापक नोटस पैकेज शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली (च. दादरी) नजदीक बस स्टैण्ड
9416330206, 9050035973